तापमान

अधिकतम 30 डिग्री
न्यूनतम 17 डिग्री

# हरिभूमि धमतरी भूमि

रायपुर, शनिवार 22 नवंबर 2025

कुरुद | सिर्री | जीजामगांव | नगरी | मगरलोड



4 बुनकरों और सहकारी समितियों ने दिखाई एकजुटता





6 अब तक 30 से अधिक कुत्तों की हुई सफल नसबंदी




## खबर संक्षेप

### प्रायोगिक परीक्षा 29 को

**धमतरी।** शासकीय नारायणराव मेघावाले कन्या महाविद्यालय में भूगोल बीए तृतीय सेमेस्टर की प्रायोगिक परीक्षा 29 नंवबर को सुबह 10 बजे होगी। नियमित, अमहाविद्यालय छात्राओं को प्रायोगिक रिकार्ड एवं अन्य आवश्यक उपकरण के साथ निर्धारित समय से आधा घंटा पूर्व महाविद्यालय में उपस्थित होने कहा गया है। अनुपस्थित होने पर संबंधित छात्राएं स्वयं जिम्मेदार होंगी।

### पीएमश्री सेजेस बठेना पुरस्कृत

**धमतरी।** अक्टूबर माह के त्रैमासिक परीक्षा परिणाम में बेहतरीन प्रदर्शन करने वाले पीएमश्री सेजेस बठेना स्कूल को विनोबा टीम के माध्यम से जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय में डीईओ अभय जायसवाल एवं जिला पंचायत उपाध्यक्ष गौकरण साहू ने पुरस्कृत किया।

### जहर सेवन से अधेड़ की मौत

**धमतरी।** शारीरिक परेशानी के चलते एक अधेड़ ने कीटनाशक दवाई का सेवन कर आत्महत्या कर ली है। अस्पताल पुलिस चौकी के अनुसार रूद्री थाना क्षेत्र के ग्राम महुआपथरा निवासी गौतम मंडावी पिता चैनूराम खेती किसानी का काम करता था। लगभग 15 दिन पहले उसके पैर में सूजन आ गई थी जिसके कारण व दर्द से परेशान रहता था। गुरूवार की शाम अधेड़ ने घर पर कीटनाशक दवाई का सेवन कर लिया। उसे रात्रि में ही उपचार के लिए जिला अस्पताल लाया गया। डॉक्टर ने चेकअप के बाद अधेड़ को मृत घोषित कर दिया। चौकी पुलिस ने शुक्रवार को पंचनामा व पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को शव सौंप दिया है।

संजय गांधी फिश हेचरी देमार में कतला, रोहू, मृगाल का नस्ल सुधार

# गंगा नदी की मछली से स्थानीय मछलियों का ब्रिडिंग हुआ सफल

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

यह जानकर आश्चर्य होगा कि नस्ल सुधार की प्रक्रिया सिर्फ पशुओं में ही नहीं अब मछलियों में भी की जा रही है। प्रदेश के सबसे बड़े फिश हेचरी देमार में गंगटीय रिवर की नर मछलियों का स्थानीय मछलियों के साथ सफल ब्रिडिंग किया गया है। ब्रिडिंग से उत्पन्न मछलियां प्रजनक बन चुकी हैं जिसका लाभ यहां के मछुआरों को मिलने लगा है।

जिला मुख्यालय से करीब 6 किमी दूर ग्राम देमार में प्रदेश का सबसे बड़ा संजय गांधी फिश हेचरी है। फिश हेचरी का एरिया 103 एकड़ है। यहां के 32 तालाब में 64 एकड़ पर पानी है। देमार फिश हेचरी में मछली पालन के लिए कई नवाचार होते हैं । कभी यहां खारा पानी में झींगा का सफल उत्पादन किया गया था लेकिन उत्पादन खर्च अधिक होने के कारण झींगा पालन की योजना खटाई में चली गई ।

संजय गांधी फिश हेचरी देमार के प्रबंधक अतुल सिन्हा ने बताया कि नेशनल ब्यूरो आफ फिश जेनेरिक रिर्सोसेस ने 2 साल पूर्व गंगटीय रिवर की नर मछली कतला, रोहू, मृगाल का मिल्ट लाकर स्थानीय मादा मछली कतला, रोहू, मृगाल से क्रास कराया है। क्रास में उत्पन्न हुए 4 लाख स्पान में करीब 400 मछलियां प्रजनक बन चुकीं हैं। इसका उपयोग हेचरी में मछली बीज उत्पादन में किया जा रहा है। इसका रिजल्ट भी सामने आने लगा है जिससे मछली उत्पादन किसानों को लाभ मिल रहा है।





### इन ब्रिडिंग डिप्रेशन का लाभ

प्रबंधक अतुल सिन्हा ने बताया कि जिस तरह पशुओं में नस्ल सुधार के माध्यम से उत्पन्न बछिया उन्नत नस्ल की होती है जिससे दूध अधिक और आकार भी बड़ा होता है। इसी तरह उत्तरप्रदेश की नदियों में पाए जाने वाली मछलियों का आकार बड़ा होता है। गंगटीय रिवर तथा स्थानीय मछलियों के क्रास से उत्पन्न मछलियां बड़ी साइज की और स्वस्थ होने से मछुआरों को इसका अधिक लाभ मिलेगा। उन्होंने बताया कि निकट संबंधियों के बीच आबादी के कारण जैविक क्षमता और स्वास्थ्य में गिरावट को रोकने का प्रयास सफल हुआ है।

### स्पान उत्पादन के लक्ष्य में पीछे

देमार फिश हेचरी से जिला तथा आसपास के जिले की 100 से अधिक समिति जुड़ी है। इस हेचरी में सही तथा उन्नत किस्म का बच्चा मिलने से मछली उत्पादक किसान देमार फिश हेचरी को प्राथमिकता देते हैं। इस साल 30 करोड़ स्पान उत्पादन का लक्ष्य मिला था। लक्ष्य की पूर्ति में 20 करोड़ स्पान का उत्पादन किया गया ह। वहीं स्टैंडर्ड फ्राई का लक्ष्य 3.60 करोड़ के लक्ष्य में 2.40 करोड़ का उत्पादन किया जा चुका है। प्रबंधक श्री सिन्हा ने बताया कि इस साल बारिश की अधिकता के कारण स्पान उत्पादन में पीछे हो गए हैं। स्टैंडर्ड फ्राई का लक्ष्य समय पर पूरा कर लिया जाएगा।

# उड़नदस्ता ने 17 प्रकरण दर्ज कर 784 क्विंटल धान किया जब्त

- अवैध धान भण्डारण एवं परिवहन कलेक्टर के निर्देशानुसार कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏩धमतरी

जिले में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी प्रक्रिया को सुव्यवस्थित, पारदर्शी और निर्बाध बनाए रखने हेतु कलेक्टर के निर्देशानुसार जिला एवं ब्लॉक स्तर पर गठित उड़नदस्ता दल द्वारा लगातार सतर्कता बरती जा रही है। कृषि, खाद्य, सहकारिता, राजस्व तथा कृषि उपज मंडी विभाग के अधिकारियों से संयुक्त रूप से गठित यह दल कोचियों एवं बिचौलियों द्वारा किए जाने वाले अवैध धान भण्डारण एवं परिवहन पर प्रभावी निगरानी रख रहा है।

उड़नदस्ता दल द्वारा 17 अक्टूबर 2025 से 19 नवंबर 2025 तक की कार्रवाई के दौरान मंडी अधिनियम 1972 के तहत कुल 17 प्रकरण दर्ज किए गए। इस अवधि में 784 क्विंटल अवैध धान जप्त कर लगभग 16 लाख 54 हजार रुपये मूल्य का धान सुरक्षित कब्जे में लिया गया है। यह कार्रवाई जिले में अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने और खरीदी व्यवस्था को स्वच्छ बनाए रखने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

अजय कुमार भखारा-12.8 क्विंटल, वासुदेव साहू कोलियारी-4 क्विंटल, सतराम साहू मगरलोड-16क्विंटल, मोतीलाल देवांगन अमाली-12 क्विंटल, उदित नारायण सिन्हा फरसिया-15 क्विंटल, राजकुमार महावर/अमित ट्रेडर्स कुरूद-12.8 क्विंटल, योगेश कुमार साहू बेलरगाँव-6.4 क्विंटल, मुन्नालाल चंद्रवंशी बासीखाई-12.4 क्विंटल, चूरामणि साहू परसापानी-16.8 क्विंटल, भाऊराम साहू झरातराई-14.8 क्विंटल, मिथलेश कुमार/मेसर्स सूर्या राइस मिल देवपुर-176 क्विंटल, शिवकुमार कोरोम गट्टासिल्ली-12 क्विंटल, चंदूलाल चोपड़ा/पीयूष ट्रेडर्स बेलरगाँव-82 क्विंटल, रामाराव बघेल/न्यू पूजा राइस मिल सिहावा - 105 क्विंटल, भानुराम साहू बेलरगाँव- 60 क्विंटल, सीताराम साहू घुटकेल - 106 क्विंटल, संतोष खंडेलवाल घुटकेल से 120 क्विंटल धान जप्त किया गया है।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि समर्थन मूल्य पर खरीदी व्यवस्था में किसी प्रकार की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उड़नदस्ता दल द्वारा आगे भी इसी प्रकार सतत निगरानी एवं सख्त कार्यवाही जारी रहेगी, ताकि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सके और खरीदी व्यवस्था पूरी तरह पारदर्शी बनी रहे।




पाठक सूचना

धमतरी जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें

मो. 9826114710, 9993322768 9098324969



हरिभूमि

जन्मदिन उत्सव महाबम्पर ड्रा

भाग्यशाली विजेताओं के नाम

प्रथम पुरस्कार - (1 तोला, 5 नग) सोने का हार

01. सुशीला पति स्व. श्री दीनबंधू , पता- बैगाटोला ईटार, खैरागढ़ (छ.ग.),
02. बिमला बाई साहू, पति श्री राम आसरा साहू, पता – आबादी पारा खपरी , धमतरी (छ.ग.),
03. हेमकांति गौतम पिता – स्व. श्री त्रिलोचन विश्वकर्मा, पता – रायपुर (छ.ग.)
04. साक्षी निषाद पिता – श्री प्रकाश निषाद, पता – शंकर नगर हाउस न. 455 धांगरडीपा रायगढ़ (छ.ग.)
05. प्रीती पति श्री रामचरण, पता – ग्राम किरना पोस्ट पंडरभाटा मुंगेली (छ.ग.),

द्वितीय पुरस्कार - (1 स्कूटी, EV)

उमा साहू पिता श्री जगन्नाथ साहू
पता – हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी , जगदलपुर बस्तर (छ.ग.),

तृतीय पुरस्कार - (2 नग, रेफ्रीजरेटर)

01. प्रीतम कुमार साहू पिता स्व.श्री कुम्भकरण साहू
पता – मोहदी धरसीवां रायपुर (छ.ग.)
02. निधि अग्रवाल पिता – श्री रतन अग्रवाल
पता लाल कुंआ हनुमान ताल जबलपुर (म.प्र.)

चतुर्थ पुरस्कार - (3 नग, LED TV)

01. कौशल दास मानिकपुरी पिता – हीरा दास मानिकपुरी, पता - शंकर नगर दुर्ग (छ.ग.)
02. चित्रलेखा महंत पति शंकर दास महंत, पता – नीचे मोहल्ला बेलाकछार बालको नगर कोरबा (छ.ग.)
03. सुखदेव पाटिल पिता स्व.श्री नत्थू पाटिल, पता न्यू बाग़ मुगलिया भोपाल (म.प्र.)

नियम शर्तें लागू*

1. भाग्यशाली पाठक को अपना पहचान पत्र के साथ अख़बार का वर्तमान मासिक बिल एवं जमा किये गए फार्मेट का ग्राहक प्रति लाना अनिवार्य है। 2. राज्य एवं केन्द्र सरकार की सभी नियम लागू होगा। 3. इस योजना के विजेताओं को आयकर के नियम व शर्तें मान्य होगा। 4. हरिभूमि निर्णायक मंडल का निर्णय अंतिम एवं सर्वमान्य होगा। 5. किसी भी प्रकार के विवाद में न्यायालय क्षेत्र रायपुर होगा। 6. चित्र में दर्शाए गए उपहार भिन्न हो सकते हैं।

शेष विजेताओं की सूची के लिये पढ़ते रहिए हरिभूमि



ਜੇਹਾ ਚੀਰੀ ਲਿਖਿਆ ਤੇਹਾ ਹੁਕਮੁ ਕਮਾਹਿ॥
ਘਲੇ ਆਵਹਿ ਨਾਨਕਾ ਸਦੇ ਉਠੀ ਜਾਹਿ॥

अंतिम अरदास



सतवंत कौर भाटिया
(1954-2025)

अत्यंत दुख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि सतवंत कौर भाटिया धर्मपत्नि स. महेन्द्र सिंह भाटिया का स्वर्गवास दिनांक 19 नवंबर 2025 को हो गया है। आत्मिक शांति के लिए रखाए गये श्री अखंड पाठ साहिब जी की समाप्ति 23 नवंबर 2025 दिन रविवार को गुरुद्वारा श्री गुरुनानक नगर (श्याम नगर) रायपुर में सुबह 10:00 बजे होगी।

कीर्तन एवं अंतिम अरदास
23 नवंबर 2025 सुबह 11:30 से 01:00 बजे दोपहर
गुरुद्वारा श्री गुरुनानक नगर (श्याम नगर) रायपुर छ.ग. (गुरु का लंगर-01:30 बजे पूर्ण समाप्ति उपरांत)
(सुबह की बैठक 10:00 से 11:00 बजे गुरूनानक नगर गुरूद्वारा हॉल रायपुर)

शोकाकुल परिवार :-महेन्द्र सिंह भाटिया (पति)
अमोलक सिंह भाटिया, गुरमीत सिंह भाटिया, इंद्रपाल सिंह भाटिया
कुलवंत कौर भाटिया (पत्नी स्व. सुरजीत सिंह भाटिया),
सतविंदर सिंह भाटिया (टिवकंल), जगदीप कौर भाटिया (रज्जी)
संदीप सिंह भाटिया-अवनीत कौर भाटिया (रैनी) (पुत्र-पुत्रवधु)
मंदीप सिंह भाटिया-रानी भाटिया (रायपुर), मनिंदर सिंह भाटिया-मीनी भाटिया (गोंदिया) (दामाद-पुत्री)
समस्त भाटिया परिवार (बिलासपुर, चांपा, रायगढ़, रायपुर)

नोट : जिस किसी भी स्नेहीजन को सूचना न मिली हो इसे ही सूचना जाने।

J.J.Ad

# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH


प्रतिक्षा कक्ष


प्रतिक्षा कक्ष


पूजा स्थान




परामर्श कक्ष

## 15 वर्षों से आपकी सेवा में






## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

### पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री




हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"



ऑफिस आने पर मात्र ₹ 101/- फोन से परामर्श केवल ₹ 251/-

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

**जब कही ना हों काम, तो हमसे लें समाधान**

**पं. एस. के. शास्त्री**
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

## जन्म पत्रिका बनाई जाती है



- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण

**बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060**

असुविधा से बचने के लिए आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

हमारी अन्य कोई और शाखा नहीं है।

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

**पोलसाय पारा चौक, दुर्ग (छ.ग.)**

मिलने का समय : सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक

**संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +91 9755964567**

अछोटी में संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा जारी, पांचवें दिन हुई आराध्या की पंडवानी

# एकादशी व्रत सभी व्रतों में श्रेष्ठ है : पं. युवराज

हरिभूमि न्यूज ⏩ सिर्री





ग्राम अछोटी के खेल मैदान में 17 से 23 नवंबर तक संगीतमय श्रीमद्भागवत कथा आयोजित है। यह आयोजन विष्णुराम, बलीराम, राधाबाई, टीकाराम, त्रिवेणी जेठूमल द्वारा किया जा रहा है। पंडित युवराज पांडेय महाराज कथा का वाचन कर रहे हैं। भजन संगीत की धुन में श्रद्धालु झूम रहे हैं। 20 नवंबर को कथा के चतुर्थ दिवस कथावाचक आचार्य पाण्डेय ने एकादशी व्रत की महत्ता बताई। उन्होंने बताया कि सभी व्रतों का राजा एकादशी व्रत है। इसे सर्वश्रेष्ठ व्रत माना गया है। अगर मनुष्य अन्य कोई व्रत न रख पाए तो उनको एकादशी व्रत अवश्य रखना चाहिए। उन्होंने एकादशी व्रत की महिमा बताई। पश्चात कृष्ण जन्म की कथा सुनाई। छोटे बच्चे को कृष्ण के रूप में तैयार कर झांकी भी निकाली गई। आयोजक परिवार सहित श्रद्धालुओं ने कृष्ण जन्मोत्सव मनाया। 21 नवंबर को कथा के पांचवें दिन ग्राम बकली निवासी आराध्या साहू ने महाभारत की कथा पंडवानी की प्रस्तुति दी। कार्यक्रम देखने काफी संख्या में दर्शकों की भीड़ उमड़ी रही।

कथा सुनने धमतरी विधायक ओंकार साहू, गौकरण साहू उपाध्यक्ष जिला पंचायत धमतरी, नीलम चंद्राकर सदस्य जिला पंचायत धमतरी, पूरण घृतलहरे सरपंच अछोटी सहित अन्य प्रबुद्धजन शामिल हुए।

**कर्तव्य में लापरवाही बरतने पर एसपी ने की कार्रवाई**

## केरेगांव थाना प्रभारी सस्पेंड

हरिभूमि न्यूज ⏩ धमतरी

कर्तव्य में लापरवाही बरतने पर एसपी ने केरेगांव थाना प्रभारी को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। निलंबन के दौरान उक्त अधिकारी को रक्षित केन्द्र अटैच किया गया है।

एसपी कार्यालय से जारी आदेश के अनुसार 19 नवंबर की शाम 6 बजे ग्राम सलोनी के ग्रामीणों द्वारा अवैध शराब पकड़े जाने की सूचना मिली थी। सूचनाकर्ता ने बताया कि लगभग 1 घंटे पहले केरेगांव थाना प्रभारी निरीक्षक को सूचना देने पर उनके द्वारा डयूटी पर बाहर रहना बताया गया। उसके बाद एसपी द्वारा थाना प्रभारी को कार्रवाई करने निर्देश दिया गया। निर्देश मिलने के बाद थाना प्रभारी लगभग ढाई घंटे लेट पहुंच जबकि केरेगांव थाना से ग्राम सलोनी की दूरी मात्र 10 किलोमीटर है। थाना प्रभारी के देरी से पहुंचने पर ग्रामीणों में आक्रोश उत्पन्न हो रहा था। वहीं सिहावा थाना क्षेत्र के एसडीओपी केरेगांव प्रभारी से काफी पहले मौके पर पहुंच चुके थे। विलंब के बारे में पूछने पर थाना प्रभारी द्वारा आवश्यक व व्यक्तिगत कार्य के कारण जिले से बाहर होना बताया गया। इस संबंध में थाना प्रभारी द्वारा किसी प्रकार की सूचना या अनुमति नहीं ली गई थी। इसके अतिरिक्त बीते 8 माह में बार-बार केरेगांव थाना के प्रभारी निरीक्षक को निर्देशित किए जाने के बावजूद भी जुआ, अवैध शराब, सूखा नशा आदि के संबंध में एक भी सार्थक कार्रवाई नहीं की गई। इस प्रकार निरीक्षक द्वारा प्रथम दृष्टया कर्तव्य के प्रति घोर लापरवाही, अनुशासनहीनता, उदासीनता एवं स्वेच्छाचारिता प्रदर्शित की गई।

ग्रामीणों की शिकायत को गंभीरता से लेते हुए एसपी सूरज सिंह परिहार ने सख्त कदम उठाते हुए केरेगांव थाना के प्रभारी निरीक्षक को तत्ल प्रभाव से निलंबित कर दिया। उन्हें रक्षित केन्द्र अटैच किया गया। निलंबन अवधि में उन्हें नियमानुसार निर्वाह भत्ता एवं अन्य अनुषांगिक भत्ते प्राप्त होते रहेंगे।

## कॉलम गड्ढा में गिरने से राजमिस्त्री की मौत

- पैर फिसलने से हुआ हादसा, कारगिल चौक के समीप शास्त्री नगर की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏩ कुरूद

भवन निर्माण कार्य में लगे एक राजमिस्त्री की निर्माणाधीन भवन के कॉलम गड्ढा में पैर फिसलकर गिर जाने से मौत हो गई है। सूचना पाकर मौके पर पहुंची कुरुद पुलिस ने पंचनामा कर शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस मर्ग कायम कर आगे की जांच कर रही है।



मिली जानकारी के अनुसार ग्राम चर्रा निवासी नरेंद्र पटेल पिता रोहित पटेल उम्र 35 वर्ष नगर पालिका कुरुद में कारगिल चौक के समीप शास्त्री नगर में एक मकान का ठेका लेकर निर्माण कार्य में लगा हुआ था। शुक्रवार को दोपहर करीब साढ़े 12 बजे वह एक कॉलम गड्ढे में भरे पानी को खाली करवाने व्यवस्था बनाने में लगा हुआ था तभी उनका पैर फिसल गया और वह सिर के बल कॉलम गड्ढे में गिर गया। सिर पर गंभीर चोट लगने की वजह से नरेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई।

### मृतक राजमिस्त्री गांव का पंच था

बताया जा रहा है कि मृतक राजमिस्त्री ग्राम पंचायत चर्रा का पंच भी था। निर्माण कार्य में लगे उनके साथी मजदूरों ने नरेंद्र की मौत हो जाने की सूचना कुरुद पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कॉलम गड्ढे से बाहर निकालकर पोस्टमार्टम कराया एवं मर्ग कायम कर आगे की जांच में जुट गई है। उधर गांव के पंच एवं एक कुशल राजमिस्त्री को खो देने से पूरे गांव में शोक की लहर है।

## नशापान से इंसान का अनमोल जीवन समय से पहले ही खत्म हो जाता है : खालसा

- सुखराम नागे कालेज में नशामुक्त भारत अभियान की 5वीं वर्षगांठ पर शपथ ग्रहण

हरिभूमि न्यूज ⏩ नगरी

शासकीय सुखराम नागे महाविद्यालय नगरी में प्राचार्य डा. श्रीमती मनदीप खालसा के निर्देशन और प्रो. कौशल नायक रेडक्रास रेडरिबन प्रभारी के संयोजन में नशामुक्त भारत अभियान की 5 वीं वर्षगांठ पर शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। सभी विद्यार्थियों को प्रधानमंत्री के ऑनलाइन कार्यक्रम से उनके विचारों से जोड़ा गया।

संस्था प्रमुख मनदीप खालसा ने नशे से होने वाली बुराइयों एवं उससे हानियों के बारे में चर्चा की। बताया कि नशा एक गंभीर समाजिक बुराई है। नशा एक ऐसी बुराई है, जिससे इंसान का अनमोल जीवन समय से पहले ही मौत का शिकार हो जाता है। जहरीले और नशीले पदार्थों के सेवन से व्यक्ति को शारीरिक, मानसिक और आर्थिक हानि पहुंचती है। वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ. रमेश कुमार देवांगन ने युवाओं को प्रेरित करते हुए कहा कि युवा भारत के नींव होते हैं। हमें नशा मुक्त होने का कठोर निर्णय लेना होगा। रेडक्रास के संचालक प्रो. कौशल नायक ने कार्यक्रम का उद्देश्य, अभियान की उपलब्धियां को उजागर किया। लिंक के माध्यम से विद्यार्थियों को गुरुनानक देव विश्वविद्यालय अमृतसर पंजाब में आयोजित हो रहे कार्यक्रम से विद्यार्थियों को जोड़ा गया। मौके पर डॉ.अश्वनी कुमार धुरव, प्रो.राजाराम मेहरा, प्रो. जयराम कुर्रे. मोहित कुर्रे, सीता नेताम, नेहा राजन, डिलेश्वरी पटेल समेत छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।



**बिजनेस साइट**

## स्कूटर हाउस में टीवीएस मोटर कंपनी का नया मॉडल लॉन्च



**धमतरी।** विश्व की अग्रणी द्विचक्री वाहन निर्माता कंपनी टीवीएस मोटर कंपनी ने अपने ग्राहकों की सुविधा, सुरक्षा और पसंद को ध्यान में रखते हुए अपनी वाहन श्रृंखला में कुछ नए आकर्षक मॉडल शामिल किए हैं। इन नए मॉडलों में टीवीएस राइडर डबल डिस्क ब्रेक विथ एबीएस, टीवीएस एन टॉर्क 150 तथा टीवीएस आर्बिटर प्रमुख हैं।




इन सभी मॉडलों का स्कूटर हाउस धमतरी में लॉन्च किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि रामू रोहरा महापौर थे। उन्होंने सभी नए मॉडलों का अनावरण किया।

इस अवसर पर श्री रोहरा ने कहा कि वे स्वयं भी टीवीएस कंपनी के वाहनों का उपयोग कर चुके हैं। टीवीएस के वाहन मजबूत, दमदार और उत्कृष्ट प्रदर्शन वाले होते हैं।

टीवीएस मोटर कंपनी के एरिया मैनेजर अशोक महतो ने नए मॉडलों के बारे में बताया कि टीवीएस राइडर भारत की पहली 125 सीसी मोटरजो डबल डिस्क ब्रेक और सिंगल चैनल एबीएस के साथ आती है। इसे नए ग्राफिक्स और नए अलॉय व्हील्स के साथ प्रस्तुत किया गया है। एन टॉर्क 150 भारत की पहली हाइवर स्पोट्र्स स्कूटर है, जिसमें 4 प्रोजेक्टर हैडलैम्पस, ट्रेक्टशन कंट्रोल, एडजस्टेबल ब्रेक लिवर, टीएफटी डिस्प्ले जैसी कई आधुनिक विशेषताएं हैं। टीवीएस एक्सएल 100 अलाइव व्हील अब एलईडी हैडलेम्प्स, अलाइव व्हील्स और ट्यूबलेस टायर्स के साथ और भी मजबूत व आकर्षक रूप में उपलब्ध है।

टीवीएस ऑर्बिटर- इसमें आटोमेटिक हिल्स असिस्टेंस, क्रूस कंट्रोल और 14 इंच बड़ा फ्रंट टायर जैसी विशेषताएं हैं, जो सफर को और अधिक आरामदायक बनाती हैं।

शोरूम संचालक अमित जैन एवं वंशित जैन ने कहा कि टीवीएस है जहां भरोसा है वहां। उन्होंने बताया कि आज जो मॉडल टीवीएस कंपनी ने लॉन्च किए हैं, उस सेगमेंट में इतनी सुविधाएं, तकनीक और गुणवत्ता है जो किसी अन्य वाहन में उपलब्ध नहीं हैं। वंशित जैन ने ग्राहकों को आमंत्रित किया कि वे स्कूटर हाउस धमतरी पहुंचकर इन नए वाहनों की टेस्ट राइड लेकर उनका अनुभव स्वयं करें। मौके पर टेरेटरी मैनेजर शैलेश कुमार एवं आयुष वर्मा उपस्थित थे।



## खबर संक्षेप

### बस्तर ओलंपिक, जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं होंगी आज से

**जगदलपुर।** गृह विभाग सहित खेल एवं युवा कल्याण विभाग और जिला प्रशासन बस्तर द्वारा बस्तर ओलंपिक के तहत जिला स्तरीय प्रतियोगिता का 22 से 23 नवम्बर को किया जा रहा है। प्रतियोगिता का उदघाटन समारोह 22 नवम्बर को दोपहर 3 बजे इंदिरा प्रियदर्शिनी स्टेडियम में किया जाएगा। समापन समारोह 23 नवंबर को संध्या 4 बजे उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा के मुख्य अतिथि में संपन्न होगा।

### लेम्पस में टोकन की समस्या किसान हो रहे परेशान

**करपावंड।** बकावंड ब्लाक के करपावंड व कोलावल लेम्पस में किसान टोकन की समस्या को लेकर परेशान है। खरीदी केंद्र में हमाल भी नहीं है। जिससें किसानों को खरीदी केंद्र का चक्कर लगाना पड़ रहा है। हरिभूमि ने दोनों लेम्पस का निरीक्षण किया तो कोलावल लेम्पस के कुछ किसान के ही टोकन कटे हुए थे।

### ठंड से बचने छात्रों को सरपंच ने किया स्वेटर का वितरण

**जगदलपुर।** कड़कड़ाती ठंड अब जनजीवन को प्रभावित करने लगा है। स्कूल छात्रावास के बच्चों का दिनचर्या भी इससे प्रभावित होने लगा है । ग्राम गढ़िया के सरपंच भरत कश्यप ने आज हॉस्टल में रहने वाले छात्रों के बीच स्वेटर का वितरण किया। इस अवसर पर छात्रों ने जहां धन्यवाद दिया। वहीं सरपंच ने कहा की बदलते मौसम के साथ ठंड बढ़ी है। परंतु बच्चों का दिनचर्या और पढ़ाई लिखाई प्रभावित न हो यह देखना हम सब का फर्ज है इसीलिए हमने छात्रों के बीच ठंड से बचने स्वेटर का वितरण किया।
इस दौरान हॉस्टल अधिक्षक मंगलसाय, दशरथ कश्यप,चेतन ग्वाल, झूलूराम,महेंद्र मौर्य, लम्बूधर, बलीराम उपस्थित थे।

### बीमा कंपनी अदा करेगी चिकित्सा व्यय की राशि एक लाख

**जगदलपुर।** जिला उपभोक्ता आयोग द्वारा गुरुवार को एक प्रकरण में निवा ब्यूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी द्वारा आवेदिका को उसके पति के इलाज में खर्च राशि एक लाख रूपए, मानसिक पीड़ा हेतु 10 हजार रूपए एवं बजाज फाइनेंस कंपनी लिमिटेड को भी मानसिक पीड़ा हेतु 10 हजार रूपए अदा करेगी। उक्त आदेश आयोग की अध्यक्ष सुजाता जसवाल और सदस्य आलोक कुमार दुबे की संयुक्त खंडपीठ ने जारी किया। न्यायालयीन सूत्रों से प्राप्त जानकारी के अनुसार शहर निवासी अर्जुन बिसाई द्वारा बजाज फाइनेंस से प्राप्त ऋण का बीमा निवा ब्यूपा हेल्थ इंश्योरेंस कंपनी से करवाया था। बीमा अवधि के दौरान आवेदक कैंसर की गंभीर बीमारी से पीड़ति हो गया था, जिसके कारण उसकी मृत्यु हो गई थी। आवेदक द्वारा बीमा कंपनी के समक्ष इलाज पर खर्च राशि हेतु दावा प्रस्तुत किया गया था, जिसे बीमा कंपनी द्वारा आवश्यक दस्तावेज प्रस्तुत न करने का कारण बताते हुए निरस्त कर दिया था। इसे क्षुब्ध होकर आवेदक द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई थी। इस पर सुनवाई करते हुए जिला उपभोक्ता आयोग ने माना कि आवेदक द्वारा आयोग के समक्ष शिकायत पेश की गई थी प्रकरण के लंबन द्वारा आवेदक की मृत्यु होने से उसकी पत्नी रुक्मणी बिसाई द्वारा प्रकरण में प्रतिनिधित्व किया गया था। प्रकरण में प्रस्तुत दस्तावेज से प्रमाणित पाया गया कि आवेदक द्वारा आवश्यक दस्तावेज बीमा कंपनी को प्रदान किए गए थे।

निगम ने हरियाणा की टीम को सौंपी जिम्मेदारी, 420 कुत्तों का होगा बधियाकरण

# धमतरी नगर में अब तक तीस से अधिक कुत्तों की हुई सफल नसबंदी



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

नगर पालिका निगम धमतरी ने शहर में लगातार बढ़ रही आवारा कुत्तों की संख्या को नियंत्रित करने के लिए इस वर्ष बड़े पैमाने पर कुत्ता नसबंदी अभियान शुरू किया है। शहर में लावारिस कुत्तों की संख्या पिछले 15 वर्षों से लगातार बढ़ती जा रही है। अनुमान के मुताबिक वर्तमान में धमतरी में 10,000 से अधिक आवारा कुत्ते हैं, जो कई प्रमुख चौक-चौराहों पर परेशानी और भय का कारण बनते हैं। इसी परिस्थिति को देखते हुए निगम प्रशासन ने इस वर्ष नसबंदी अभियान को तेज़ गति देने का निर्णय लिया है।

इस अभियान के संचालन की जिम्मेदारी निगम ने हरियाणा की एक अनुभवी एनजीओ टीम को सौंपी है, जिसे कुल 420 कुत्तों की नसबंदी का लक्ष्य दिया गया है। अभियान शुरू होते ही एनजीओ की टीम ने सक्रिय रूप से कार्य प्रारंभ किया और अब तक 30 से अधिक कुत्तों की नसबंदी सफलतापूर्वक पूरी की जा चुकी है। निगम अधिकारियों ने बताया कि अभियान योजना के अनुसार प्रगति पर है और लक्ष्य समय सीमा के भीतर पूरा कर लिया जाएगा। निगम कर्मचारी भी एनजीओ की टीम को पकड़ने, लाने और वापस छोड़ने के कार्य में पूरा सहयोग दे रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार अब तक नसबंदी किए गए सभी कुत्ते पूरी तरह स्वस्थ हैं। ऑपरेशन के बाद उनका स्वास्थ्य परीक्षण किया गया और उनकी सामान्य स्थिति सुनिश्चित करने के बाद उन्हें उठाए गए उसी स्थान पर वापस छोड़ा गया, ताकि उनके क्षेत्रीय व्यवहार और पर्यावरण में कोई बाधा न उत्पन्न हो। विशेष बात यह रही कि अब तक किसी भी कुत्ते में जटिलता, संक्रमण या स्वास्थ्य समस्या देखने को नहीं मिली है, जिससे अभियान की गुणवत्ता और चिकित्सकीय मानकों की पुष्टि होती है। नगर निगम का मानना है कि यह अभियान शहर में कुत्तों की अनियंत्रित बढ़ती संख्या को रोकने में एक निर्णायक कदम साबित होगा और आने वाले महीनों में इसका सकारात्मक प्रभाव स्पष्ट रूप से दिखाई देगा।

# मजदूरी मांगने पर युवक को बेल्ट से पीटा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

- देउरपारा एनीकट के पास की घटना

काम करने का पैसा मांगने पर मजदूर युवक से मारपीट करने वाले के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज किया है। पुलिस के अनुसार बलीराम नेताम पिता प्रताप उम्र 20 वर्ष ग्राम देउरपारा थाना सिहावा निवासी रोजी मजदूरी का काम करता है।

युवक ने गांव के एनीकट के पास मवेशी चराते समय लोकेन्द्र चेलक को फोन करके कहा कि उसने देवव्रत गायकवाड़ के पास काम किया था जिसका पैसा देवव्रत ने नहीं दिया है। युवक ने लोकेन्द्र को देवव्रत से कहकर मजदूरी का पैसा दिला देने के लिए कहा जिस पर लोकेन्द्र ने फोन करके देवव्रत को मजदूरी का पैसा देने कहा। जिस पर देवव्रत ने एनीकट के पास पहुंच युवक को किस बात का पैसा देना कहकर पैसों के लिए तकादा भेजने की बात कहते हुए अश्लील गालियां दे व जान से मारने की धमकी देते हुए अपनी कमर से बेल्ट निकालकर मारपीट शुरू कर दी। इस घटना में बलीराम की आंख, नाक, कान व पैरों में चोट लगी है। पीड़ित की शिकायत पर सिहावा थाना में आरोपी देवव्रत गायकवाड़ के खिलाफ धारा 115-2, 296, 351-2 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है।

### निगम कर्मियों ने लिया नशामुक्त समाज निर्माण का संकल्प

**धमतरी।** नशामुक्त भारत अभियान के तहत 18 नवंबर को धमतरी नगर निगम कार्यालय में शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में निगम के अधिकारी, कर्मचारी, वेस्ट पिकर्स तथा सफाई व्यवस्था से जुड़े कर्मचारियों ने नशामुक्त समाज के निर्माण का संकल्प लिया।

# पोटियाडीह में हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी विस्तार का विरोध

- बोर्ड ने 10 एकड़ जमीन पर कॉलोनी बनाने का प्रस्ताव पास किया

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शहर के करीब ग्राम पोटियाडीह में हाउसिंग बोर्ड कालोनी के विस्तार के प्रस्ताव से ग्रामीणों में आक्रोश है। बोर्ड ने पोटियाडीह की खाली 10 एकड़ जमीन पर कॉलोनी बनाने का प्रस्ताव पास किया है। इसके खिलाफ पंचायत और ग्रामीण विरोध में खड़े हो गए हैं और किसी भी कीमत पर इसे बनने नहीं देने का निर्णय लिया है। जबरदस्ती प्रोजेक्ट थोपे जाने पर ग्रामीण आत्मदाह की चेतावनी दे रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि गांव की जमीन गांव वालों के



लिए सुरक्षित रखी जानी चाहिए। इस मामले में कलेक्टर ने बातचीत के माध्यम से समस्या का हल निकालने की बात कही है।

ग्राम पंचायत पोटियाडीह की सरपंच श्रीमती शिवबती का कहना है कि गांव में और जगह नहीं है। हाउसिंग बोर्ड वाले पूर्व में 17 एकड़ जमीन ले चुके हैं और 10 एकड़ जमीन की मांग कर रहे हैं। हाउसिंग बोर्ड से पत्र आया है कि लेकिन पंचायत इसकी अनुमति नहीं दे रही है। ग्रामीण जीतू कुमार कहते हैं कि हाउसिंग बोर्ड ने 17 एकड़ जमीन ले ली है। अब गांव में 10 एकड़ जमीन बची है जिसे भी अधिग्रहण करना चाह रहे हैं। जबकि उक्त जमीन में धान की खरीदी की जा रही है। विधायक ने वहां चबूतरा निर्माण आदि कार्य के लिए शिलान्यास किया है। गांव में चारागाह के अलावा गरीब लोग आबादी जमीन की मांग कर रहे हैं। पोटियाडीह के ग्रामीण अतिरिक्त जमीन पर हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी निर्माण का एक सुर में विरोध कर रहे हैं।

# आरएसएस के शताब्दी वर्ष में गृहे-गृहे संपर्क अभियान प्रारंभ

## धमतरी में वर्षभर चलेंगे विशेष आयोजन, बनी रूपरेखा

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना 1925 में विजयादशमी के अवसर पर हुई थी, इस वर्ष अपने शताब्दी वर्ष में प्रवेश कर चुका है। संघ ने अपनी सेवा, तपस्या और त्याग की परंपरा को आगे बढ़ाते हुए आगामी एक वर्ष तक देशभर में विशेष कार्यक्रमों की विस्तृत श्रृंखला तैयार की है।

धमतरी जिले में शताब्दी वर्ष की तैयारियों की जानकारी देते हुए जिला कार्यवाह धनेश्वर निर्मलकर ने बताया कि संगठनात्मक रूप से जिले को धमतरी नगर की 15 बस्तियों, चार खंडों धमतरी, कुरूद, नगरी और मगरलोड तथा कुल 46 मंडलों में विभाजित किया गया है। शताब्दी वर्ष का प्रथम कार्यक्रम बस्तियों और मंडलों में सम्पन्न हो चुका है। इसके बाद नवंबर माह में गृहे-गृहे संपर्क अभियान 15 नवंबर से प्रारंभ हो चुका है।

दिसंबर माह में नगर, बस्तियों एवं खंडों के मंडल केंद्रों पर हिंदू सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। जनवरी माह में खंड और जिला स्तर पर युवा सम्मेलन होगा जिसमें 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग के विवाहित एवं अविवाहित बंधु, भगिनी सम्मिलित होंगे। फरवरी माह में नगर एवं खंड स्तर पर सामाजिक सद्भाव बैठक आयोजित की जाएगी।

मार्च माह में जिला केंद्र पर प्रमुख जन गोष्ठी का आयोजन होगा। सितंबर अक्टूबर 2026 में शाखा विस्तार अभियान चलेगा। 25 सितंबर से 10 अक्टूबर 2026 तक



जिलेभर में गांव-गांव जाकर अधिक स्थानों पर शाखा स्थापना का विशेष अभियान चलाया जाएगा। जिला कार्यवाह ने कहा कि राष्ट्रसेवा की इस अविरल धारा को यहां तक पहुंचाने में संघ की पांच पीढ़ियों के भागीरथ प्रयासों का योगदान रहा है।

# बिजली उपभोक्ताओं का फूटा गुस्सा



- सीजीईसीए ने बिजली हॉफ योजना को पुन: लागू करने व स्मार्ट मीटर को हटाने की मांग की
- मुख्यमंत्री के नाम नायब तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ बिजली उपभोक्ता एसोसिएशन (सीजीईसीए) ने शुक्रवार को एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कर बिजली हॉफ योजना को पुनः लागू करने और उसे 400 यूनिट तक बहाल करने की मांग को लेकर नायब तहसीलदार विवेक चंद्राकर को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। संगठन ने मांग रखी कि हॉफ बिजली योजना दोबारा 400 यूनिट तक लागू की जाए, स्मार्ट मीटर हटाकर सामान्य मीटर लगाए जाएं, बिजली निजीकरण की नीति रद्द की जाए और उपभोक्ताओं पर जबरन स्मार्ट मीटर थोपना बंद किया जाए।

सीजीईसीए सदस्य गीता सारथी ने कहा कि बिजली जनता की आवश्यक सेवा है, न कि मुनाफा कमाने का जरिया।

उन्होंने बताया कि केंद्र सरकार द्वारा बिजली संशोधन विधेयक 2022 के कारण हाफ बिल योजना की यूनिट सीमा 400 से घटाकर 100 कर दी गई, जिससे उपभोक्ताओं पर अतिरिक्त वित्तीय बोझ बढ़ा है। महंगाई और रोजमर्रा की जरूरतों के बीच आम आदमी और अधिक परेशान हो रहा है। सदस्य माधवी साहू ने बताया कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद कई परिवारों के बिल अचानक कई गुना बढ़ गए हैं। धमतरी में जहां एक परिवार का बिल 700 रुपये आता था, वहां 11,000 का बिल थमा दिया गया। सीजीईसीए सदस्य जितेंद्र कुमार ने कहा कि पूरे प्रदेश में संगठन द्वारा आंदोलन, हस्ताक्षर अभियान व प्रदर्शन किए जा रहे हैं। सरकार का 200 यूनिट तक हाफ बिल देना आंदोलन की आंशिक जीत है, पर स्मार्ट मीटर और निजीकरण की नीति जनविरोधी है, जिसका पुरजोर विरोध जारी रहेगा। धरना प्रदर्शन में बड़ी संख्या में उपभोक्ता उपस्थित थे।

# सीजी पीएससी में शहर के अनंत ने हासिल किया 26वां रैंक



हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी) के घोषित परिणाम में धमतरी ने एक बार फिर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया है। शहर के गणेश चौक निवासी अनंत गुप्ता ने राज्य सेवा परीक्षा 2024 में 26वां रैंक हासिल कर न केवल परिवार, बल्कि पूरे जिले का मान बढ़ाया है। प्रारंभिक शिक्षा मेनोनाइट इंग्लिश स्कूल से पूरी करने के बाद अनंत ने शंकराचार्य कॉलेज भिलाई से मैकेनिकल इंजीनियरिंग में बी-टेक किया। कैंपस प्लेसमेंट के दौरान महिंद्रा कंपनी में नोएडा स्थित जॉब भी मिला, लेकिन उन्होंने सिविल सेवा को लक्ष्य बनाया। अनंत बताते हैं कि उन्होंने किसी प्रकार की कोचिंग नहीं ली। रोजाना 10-11 घंटे की सेल्फ स्टडी, अनुशासन और नियमितता ही उनकी सफलता की कुंजी रही। उन्होंने सामान्य ज्ञान के साथ करेंट अफेयर्स पर विशेष ध्यान दिया। वे मोबाइल और सोशल मीडिया से दूरी बनाकर पूरी तरह पढ़ाई पर फोकस करते रहे। परीक्षा में पूरे राज्य से लगभग 2 लाख अभ्यर्थी शामिल हुए, जिनमें से मेन्स के लिए 2,500 और इंटरव्यू के लिए केवल 600 उम्मीदवारों का चयन हुआ। कड़ी प्रतियोगिता के बीच अनंत ने 26वीं रैंक अपने नाम की।

उन्होंने बताया कि रैंक के अनुसार उन्हें रजिस्ट्रार या सहायक संचालक जैसे महत्वपूर्ण पद मिल सकते हैं। डीएसपी पद उन्होंने प्राथमिकता में शामिल नहीं किया था। अनंत ने अपनी सफलता का श्रेय परिवार और गुरुओं को दिया। उनकी बहन अवंतिका गुप्ता तहसीलदार और आंचल गुप्ता सहायक प्राध्यापक हैं। वे कहते हैं कि असफलता सफलता की सीढ़ी है, हिम्मत न छोड़ें, गल्तियां सुधारें और आगे बढ़ें। यूपीएससी से आईएएस बनना उनका अगला लक्ष्य है।

# जल संरक्षण एवं प्रबंधन के लिए जिले को मिला राष्ट्रीय जल पुरस्कार



- राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली में किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने विगत दिवस नई दिल्ली के विज्ञान भवन में आयोजित छठवां राष्ट्रीय जल पुरस्कार 2024 तथा जल संचय जन भागीदारी पुरस्कार प्रदान किए। धमतरी जिले को जल संरक्षण एवं प्रबंधन के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यों के लिए सम्मानित किया गया।

जल संचय जनभागीदारी 1.0 के तहत पूर्वी क्षेत्र में धमतरी जिले को 8वां राष्ट्रीय पुरस्कार प्राप्त हुआ है। यह सम्मान बताता है कि धमतरी सिर्फ समृद्ध जल संसाधनों की भूमि नहीं, बल्कि सक्रिय जनजागरूकता और नवाचार का मॉडल जिला बन चुका है।

धमतरी जिले में कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के नेतृत्व में जल संचय एवं संरक्षण हेतु मां अभियान प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। यह अभियान छत्तीसगढ़ की जीवनदायिनी मां महानदी के उद्गम सहित सभी जल स्रोतों एवं पौराणिक महत्व के स्थलों के संरक्षण, विकास एवं संवर्धन पर केंद्रित है।

कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने इस उपलब्धि पर जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जल जीवन मिशन, स्वच्छ भारत मिशन, जल संसाधन विभाग सहित मां अभियान की संपूर्ण टीम को बधाई देते हुए कहा कि यह सम्मान जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है।

### पीएमश्री स्कूल में छात्रों को दिए करियर गाइडेंस के टिप्स

**मगरलोड।** पीएमश्री स्वामी आत्मानंद विद्यालय भैंसमुण्डी मगरलोड के छात्रों को रायपुर के फारेंसिक वैज्ञानिक डॉ अमित कुमार पटेल द्वारा करियर गाइडेंस के टिप्स दिए गए।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज




बाबू पंढरीराव कृदत्त इंडोर स्टेडियम में हुई विकासखंड स्तरीय प्रतियोगिता

# प्रतियोगिता में महिला खिलाड़ियों ने दिखाया दम

हरिभूमि न्यूज ⏭धमतरी

शिक्षा विभाग तथा खेल एवं युवा कल्याण विभाग धमतरी के संयुक्त तत्वावधान में विकासखंड स्तरीय महिला खेल प्रतियोगिता का आयोजन बाबू पंढरीराव कृदत्त इंडोर स्टेडियम आमातालाब में उत्साहपूर्ण माहौल में हुआ। प्रतियोगिता में 9 से 18 वर्ष और 18 से 35 वर्ष के आयु वर्ग की महिला खिलाड़ियों ने दमदार उपस्थिति दर्ज की। कार्यक्रम का शुभारंभ महापौर रामू रोहरा ने किया। उन्होंने महिला खिलाड़ियों के बढ़ते प्रदर्शन को राज्य और देश की प्रगति का प्रतीक बताया। 9 से 18 वर्ष आयु वर्ग में 100 मीटर दौड़ में सोरम की कविता यादव ने प्रथम और सांकरा की ललिता साहू ने



द्वितीय स्थान प्राप्त किया, वहीं 400 मीटर दौड़ में कोलियारी की निहारिका सोनकर प्रथम और सेनचुआ की लक्ष्मी कोमरे द्वितीय रहीं। तवा फेंक में टिकरापारा की रूपाली निषाद ने बाजी मारी जबकि भोथली की रीणु साहू उपविजेता बनीं। खो-खो में सोरम की टीम विजेता रही, जबकि सेंट मैरी स्कूल धमतरी दूसरे स्थान पर रहा। रस्साकसी में डोमा प्रथम और शंकरदाह द्वितीय रहा। बैडमिंटन एकल में रुद्री की एकस्वी ध्रुव और युगल वर्ग में शांभवी आराध्या साहू की जोड़ी ने जीत दर्ज की। वेटलिफ्टिंग में दीपाली फुटान और वैष्णवी यादव ने अपने-अपने वजन वर्ग में श्रेष्ठ प्रदर्शन किया। कुश्ती में भटगांव की तुलसी सिन्हा और बांसपारा की तेजस्विनी नेताम ने अपने वजन वर्ग में प्रथम स्थान हासिल किया। फुटबॉल में अजीम प्रेमजी विद्यालय शंकरदाह और वॉलीबॉल में विद्यांकुंज लोहरसी विजेता रहे। 18 से 35 वर्ष आयु वर्ग में 100 और 400 मीटर दौड़ में क्रमशः पीपरछेड़ी की चंद्रकला और धमतरी की ममता ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। इस वर्ग में तवा फेंक में भी चंद्रकला ने अपनी उत्कृष्टता साबित की। रस्साकसी में धमतरी कन्या कॉलेज विजेता रहा, जबकि कुश्ती के दोनों वजन वर्गों में आरती निर्मलकर और मोनिका भोयर का दबदबा रहा। वॉलीबॉल में म्युनिसिपल स्कूल धमतरी तथा खो-खो में सोरम की टीम विजयी रही। प्रतियोगिता में डीईओ कार्यालय, बीईओ, एडीपीओ एवं जिले के व्यायाम शिक्षकों की उपस्थिति सराहनीय रही। सभी विजेता खिलाड़ी आगामी जिला स्तरीय प्रतियोगिता में धमतरी विकासखंड का प्रतिनिधित्व करेंगे।

